प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 12.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र में शामिल होंगे। श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के युवा प्रतिनिधियों सहित देश विदेश के करीब तीन हजार युवाओं से बातचीत करेंगे। चुने गए प्रतिभागी प्रधानमंत्री के सामने दस थीमेटिक ट्रैकों में अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। इस दौरान, प्रधानमंत्री विकसित भारत युवा नेता संवाद 2026 का निबंध संग्रह भी जारी करेंगे।

0000

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय महोत्सव जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में रखा गया है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती का कैलेंडर जारी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री **युवा स्वरोजगार नीति**, **नई युवा नीति** और **रोजगार नीति** जारी की जायेगी। युवा दिवस के मौके पर प्रदेश में अनेक आयोजन हो रहे है। बारां में स्वदेशी संकल्प दौड रखी गई। वहीं करौली में युवाओं के लिए आईटीआई से जुडा रोजगार कार्यक्रम रखा गया है। स्वामी विवेकानंद जयंती सेवा संगम समारोह कोटा में रखा गया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे इसमें शिरकत करेंगे। वहीं कोटा में राज्यस्तरीय युवा संबल मेला आयोजित किया गया है। भीलवाडा में **रन फॉर स्वदेशी** का आयोजन किया गया है। वहीं बालोतरा में युवाओं को जागरूक करने के लिए सराहनीय पहल की गई। इसके तहत पुलिस थानों का भ्रमण करवाकर उनकी कार्यप्रणाली से जुडे पहलुओं की जानकारी दी गई।

0000

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि आजादी का आंदोलन हमारे पूर्वजों की शूरवीरता से भरा है। उन्होंने साहस और पराक्रम के साथ विदेशी आक्रांताओं का मुकाबला किया और स्वतंत्रता संग्राम के लिए अपना सर्वस्व बलिदान किया। श्री खर्रा कल भीलवाडा में राजा भलराज भील की मूर्ति के अनावरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शूरवीरों की ये कहानियां पाठ्यपुस्तकों में शामिल की जानी चाहिए, जिससे नई पीढ़ी को इतिहास की सही जानकारी मिल सके।

....

00000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर शीतलहर चलने से कडाके की ठण्ड का दौर बरकरार है। सीकर के फतेहपुर में आज दूसरे दिन भी पारा शून्य से नीचे दर्ज किया गया। इसके अलावा बीकानेर के लूणकरणसर में शून्य दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रहा। श्रीगंगानगर, चूरू, जैसलमेर, झुंझुनूं, दौसा, करौली और अलवर में रात का पारा 3 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। झुंझुनूं फलौदी और सीकर के पलसाना में कई जगह फसलों पर ओस की बूंदे जमी देखी गई। वहीं जैसलमेर और कोटपूतली–बहरोड़ में वाहनों पर भी बर्फ की हल्की परत नजर आई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस बार रात के साथ दिन में भी ठिठुरन महसूस की जा रही है। सर्द हवाओं के कारण दिन का तापमान भी सामान्य से 5–6 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड किया जा रहा है। इससे कई क्षेत्रों में कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। कडाके की ठण्ड को देखते हुए जयपुर सहित 11 जिलों में स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई है। वहीं कुछ जिलों में स्कूलों का समय बदला गया है।

0000

श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से आज सुबह प्रक्षेपित किए गए पीएसएलवी–सी62 रॉकेट मिशन के 64वें प्रक्षेपण में तकनीकी गड़बड़ी आ गई है। इस रॉकेट मिशन में पीएसएलवी **पृथ्वी अवलोकन उपग्रह – ईओएस–एन 1 और 14** अन्य वाणिज्यिक पेलोड ले जाये जा रहे थे। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने बताया कि पीएसएलवी में प्रक्षेपण के चार चरण हैं, जिसमें दो ठोस चरण और दो तरल चरण हैं। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के अंत तक यान का प्रदर्शन आशा के अनुरूप था, किन्तु यान की रोल दर में गड़बड़ी से यह अपना मार्ग भटक गया। उन्होंने कहा कि डेटा का विश्लेषण किया जा रहा है।

0000